तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज रामजीवनसिंह बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार औसियां) सू.अ.अ. अपील संख्या 81 / 2018	न० व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
03.07.18	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी रामजीवनसिंह पता अगुणाबास मथानियां पोस्ट मथानिया जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 18.05.18 में उसके द्वारा (1) दिनांक 29.09.2001 से 3.10.2001 की अवधि में तहसील कार्यालय औसियां कितने दिन खुला रहा रोजमरा के राजकीय कार्य सम्पन्न किये तथा उपरोक्त अवधि के दौरान तहसील कार्यालय औसियां बन्द रहा। इस बात की पुखता जानकारी हेतु मुझे कर्मचारी/अधिकारी उपस्थिति रजिस्टर की तीन प्रमाणित प्रतियां, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार औसियां) को प्रेषित किया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा कोई सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार औसियां) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार औसियां) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई जो अत्यन्त खेदजनक है अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार औसियां) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी को 15 दिवस में प्रमाणित सूचना उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Scanned with CamScanner